卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 156 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦15 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444262
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सरकार के काम बनेंगे बड़ी जीत का आधार: धामी

### मुख्यमंत्री ने जसपुर में किया 29 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास, लाभार्थियों से संवाद भी किया





जसपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। विकास कार्यों के दम पर चुनाव से पहले ही हर तरफ भाजपा के पक्ष में उत्साह का माहौल है। सरकार के काम इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आधार बनेंगे। सीएम धामी शुक्रवार को यहां कृषि उत्पादन मण्डी समिति में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व हैलीपैड पर सीएम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हैलीपैड से सीएम धामी मण्डी समिति स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। यहां पर सीएम का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। सीएम धामी ने भी लोगों पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान सीएम के साथ केन्द्रीय मंत्री एवं नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का भी लोगों ने जोरदार स्वागत किया। सीएम धामी ने यहां 29 करोड़ की जन कल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के साथ ही लाभार्थियों को चेक, सम्मान पत्र भी वितरित किए। सीएम ने यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण भी किया। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए सीएम धामी ने गर्मजोशी से स्वागत करने पर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज 29 करोड़ की योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। इन सभी (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक करोड़ की ड्रग के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचे



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ड्रग तस्करों के खिलाफ अभियान में एसटीएफ और पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ और थाना पुलभट्टा की संयुक्त टीम ने यूपी बार्डपर दो अंतर्राज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर तीन कुंतल डोडा पाउडर और साढ़े पांच किलो अफीम बरामद की है। बरामद डोडा पाउडर और अफीम को झारखण्ड से एक कैंटर में रद्दी के बीच में छिपाकर लाया जा रहा था। बरामद खेप की कीमत एक करोड़ रूपये आंकी गयी है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि ड्रग्स-फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत ड्रग तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश एसटीएफ टीमों को दिए गए हैं। जिसके तहत एसटीएफ की कुमायूँ टीम ने थाना पुलभट्टा क्षेत्र से अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर बलाका सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम डलपुरा थाना गदरपुर और लवजीत सिंह पुत्र मनजीत सिंह निवासी गोलू टांडा थाना स्वार रामपुर को यूपी-उत्तराखण्ड बार्डर से 5.5 किग्रा अफीम व 3 कुन्तल डोडा के साथ गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही एसटीएफ और पुलभट्टा पुलिस ने संयुक्त रूप से की। पकड़े गये दोनों ही अभियुक्त अन्तर्राज्यीय तस्कर हैं जो कि झारखण्ड की राजधानी राँची से एक कैण्टर के जरिये मादक पदार्थ उत्तराखण्ड ला रहे थे। जिसकी खपत रुद्रपुर, गदरपुर , बाजपुर आदि क्षेत्रों में की जानी थी। क्योंकि चुनाव व होली का टाइम है ऐसे में तस्करों को भारी मुनाफा होने की उम्मीद थी। तस्करों ने एसटीएफ को पूछताछ में बताया कि वे दोनों पेशे से ड्राइवर हैं और उत्तराखण्ड से सामान यूपी, बिहार,प0 बंगाल, झारखण्ड (शेष पृष्ठ सात पर)

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में भड़की आग,लाखों की क्षति



किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के मुख्य बाजार में देर रात शार्ट सर्किट से दुकान में आग लगने के कारण लाखों रुपए सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित कमल बूट हाउस के ऊपरी मंजिल पर देर रात्रि शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई जिसकी सूचना पर दुकान स्वामी ने आकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया किंतु आग के विकराल रूप को देखते हुए दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला भी मौके (शेष पृष्ठ सात पर)

## 530 ग्राम चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पंतनगर की चौकी सिडकुल पुलिस ने चैकिंग के दौरान कार सवार नशे के सौदागर को चरस के गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक जनपद में अवैध मादक पदार्थो के तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही। थानाध्यक्ष आरएस डांगी के नेतृत्व में टीम में शामिल सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली क्षेत्र में नशे की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोकने का ईशारा किया तो वह कार समेत भागने लगा। पुलिस ने कुछ दूरी पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। कार की तलाशी ली तो एक पारदर्शी पन्नी के अन्दर काले रंग का बत्तीनूमा बरामद हुआ। पन्नी में चरस बरामद हुई। बरामद चरस 520 ग्राम थी। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में उसने बताया कि वह चरस को दिल्ली लेजाकर बेचने की बात कही। उसने अपना नाम मनीष कुमार पुत्र दया राम निवासी तल्ला भैसकोट थाना नाचनी जिला पिथौरागढ बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

## लोनिवि के खिलाफ बेहड़ ने सड़क पर दिया धरना



किच्छा(उद संवाददाता)। सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने लोक निर्माण विभाग एवं प्रशासन के विरुद्ध आनंदपुर मोड पर एक बार पुन: धरना दिया। इस दौरान सड़क पर जाम लगने से दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई । धरना स्थल पर बेहड़ ने कहा कि आनंदपुर प्रतापपुर नारायणपुर रामेश्वरपुर के ग्राम वासियों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नैनीताल नेचुरल एंड एसोसिएट स्टोन क्रेशर के सामने से होकर जो सड़क जा रही है वह भारी वाहनों के ओवरलोडिंग के कारण पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसकी जिला प्रशासन तथा लोक निर्माण विभाग उपेक्षा किए हुए हैं। जिस वजह से इस सड़क से आने जाने वाले ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा इस सड़क के निर्माण की कई बार मांग की गई थी किंतु लोक निर्माण विभाग और प्रशासन द्वारा उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है जिस वजह से सड़क पर धरना देना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आनंदपुर से लेकर के लालपुर तक जाने वाली इस सड़क पर खनिज पदार्थों को ढोने वाले ओवरलोड वाहनों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है यही नहीं इस रोड पर स्थित स्टोन क्रशरों के द्वारा ओवरलोड खनिज पदार्थ की आवाजाही (शेष पृष्ठ सात पर)

## आचार संहिता से पहले चार आईपीएस अफसरों के तबादले

देहरादून(उद संवाददाता)। आचार संहिता लागू होने से पहले शासन ने चार आईपीएस अधिकारियों को स्थानांतरित किया है। गुरूवार देर रात जारी आदेश के तहत पिथौरागढ़ के एसपी लोकेश्वर सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल के पद पर स्थानांतरित किया गया है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबी को पुलिस मुख्यालय देहरादून स्थानांतरित किया गया है। जबकि एसपी चमोली(शेष पृष्ठ सात पर)

## 'जागेश्वर धाम' में अब 'महंगी' होगी 'पूजा'


### प्रबंध समिति एवं पुजारियों की बैठक संयुक्त बैठक में विभिन्न पूजन की दक्षिणा बढ़ाने का प्रस्ताव पारित ,पूजा सामग्री के लिए भी अलग से करना होगा भुगतान

-अर्श-



रूद्रपुर। देश में खुदरा महंगाई दर भले ही कम होकर 5 प्रतिशत के आसपास आ गई हो, लेकिन उत्तराखंड के धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन देखने वाली समितियों को महंगाई अच्छा खासा परेशान कर रही है। बढ़ती महंगाई से पार पाने के लिए अब सूबे के जागेश्वर धाम का प्रबंधन देखने वाली समिति ने जागेश्वर धाम की विभिन्न पूजाओं की दक्षिणा राशि बढ़ाने जाने का फैसला किया है। विगत दिनों संपन्न हुई मंदिर समिति और पुजारियों की बैठक में पूजाओं की दक्षिणा राशि बढ़ाने सहित तमाम प्रस्ताव तैयार किए गए। सारे प्रस्ताव डीएम की संस्तुति के लिए भेजे गए हैं तथा डीएम की मुहर लगने के बाद उपरोक्त प्रस्ताव सामान्य नियम बनकर लागू हो जाएंगे । उपरोक्त नियमों के प्रभावशील होने के बाद अब जागेश्वर धाम में 11 हजार मंत्र वाला मृत्युंजय जाप, जो कि पहले ढाई हजार रुपए में होता था ,5100 रुपए में होगा ।इसी प्रकार 23000 मंत्र वाला मृत्युंजय जाप जो की पहले 5100 रूपये में होता था ,अब 7500 में होगा तथा सवा लाख मंत्र वाला मृत्युंजय जाप जो कि पहले 25000 रूपये में होता था ,अब उसके लिए श्रद्धालुओं को 35000 रुपए का भुगतान करना पड़ेगा। साथ ही मृत्युंजय जाप के आधार पर ही नवग्रह, शनि और नाग गायत्री (शेष पृष्ठ सात पर)

रस्म पगड़ी/प्रेरणा दिवस



बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है मेरे पूज्य पति **श्री राधेश्याम गुल्यानी जी** का आकस्मिक निधन दिनांक 14.03.2024 को हो गया है जिनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी/प्रेरणा दिवस दिनांक 16.03.2024 दिन शनिवार** को दोपहर 12 से 2 बजे तक निरंकारी सत्संग भवन नैनीताल रोड,रूद्रपुर में संपन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

कुसुम रानी (पत्नी)
सुरेन्द्र गुल्यानी-ज्ञान (भाई-भाभी)
हरीश गुल्यानी-नीलम (भाई-भाभी)
नीतू-श्याम सिंधवानी (पुत्री-दामाद)
भावना-तेज खत्री (पुत्री-दामाद)
हर्ष- अमित ढींगरा(पुत्री-दामाद)
स्नेहा-रवि कपूर (पुत्री-दामाद)
अमित गुल्यानी-पूनम (पुत्र-पुत्रवधू)
मनमोहन गुल्यानी-शैली (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रेरणा, प्रियांश, सक्षम, समरथ (पौत्री, पौत्र)
एवं समस्त सलूजा व गुल्यानी परिवार

प्रतिष्ठान:अमित स्वीट, गुरूदेव डेयरी सब्जी मण्डी, रूद्रपुर मो. 9358625772

# सरकार ने किया डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान:धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ द्वारा आयोजित आभार एवं अभिनंदन समारोह हमारे राज्य की प्रगति का मुख्य स्तंभ है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कथन के अनुसार 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का बनाने पर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित किया जा रहा है। कैंची धामी, मां पूर्णागिरी मंदिर का विकास कार्य जारी है। 30 नई नीतियों को लाया गया है। राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार किए गए हैं। साथ ही 1000 कनिष्ठ अभियंताओं को 10 वर्ष की निरंतर सेवा पर उच्च वेतन का लाभ प्रदान किया गया है।कनिष्ठ अभियंताओं को अपर सहायक अभियंता के पदों में वेतन विसंगति को दूर





में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महासंघ की विभिन्न लंबित मांगों पर शासनादेश निर्गत करने पर पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुशल और प्रतिभाशाली इंजीनियर राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इंजीनियर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 3.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू साइन हुए। अब तक 71 हजार करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर उतारा जा चुका है। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने यूआईडीबी का गठन किया है। कालसी में हरीपुर धाम ने डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान किया है। विभिन्न अभियंत्रण विभागों में काम कर रहे कनिष्ठ अभियंता और अपर सहायक अभियंताओं के लिए वाहन भत्ते में वृद्धि और प्रथम बार सहायक अभियंताओं को भी वाहन भत्ते के रूप में 4000 रुपए अनुमन्य करने का निर्णय भी लिया गया है। इससे निश्चित ही कनिष्ठ और सहायक अभियंताओं के मनोबल में वृद्धि होगी। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष श्री एसएस चौहान, महासचिव श्री मुकेश रतूड़ी, संरक्षक डीसी नौटियाल, हरीश नौटियाल, यूएस महर एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से राजभवन में श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एन0 के0 जोशी ने भेंट कर विश्वविद्यालय के आगामी एक वर्ष की कार्ययोजना को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया। कुलपति ने राज्यपाल को बताया कि विश्वविद्यालय में अनुसंधान एवं नवाचार प्रयोगों के माध्यम से छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कुलपति ने बताया कि आगामी एक वर्ष तक विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अंतर्गत गोष्ठियों, शिक्षक उन्नयन कार्यक्रमों एवं अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में इस वर्ष 'भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणाली' विषय पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के साथ–साथ एक अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित कराई जाएगी। राज्यपाल/कुलाधिपति ने उक्त सभी कार्यक्रमों को अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय में हो रहे नवाचार प्रयोगों की सराहना की।



# आज आ सकती है कांग्रेस की दूसरी सूची

## हाईप्रोफाईल हरिद्वार और नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों के चयन में उलझी कांग्रेस,हरदा और माहरा दिल्ली पहुंचे

देहरादून। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सभी सीटों पर अपने दिग्गज उम्मीदार उतार दिये हैं वहीं कांग्रेस ने तीन सीटों पर सीनियर प्रत्याशी घोषित किये है। कांग्रेस शुक्रवार को दूसरी सूची जारी कर सकती है। बताया जा रहा है कि हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीट पर कांग्रेस जल्द ही प्रत्याशी घोषित करेगी। पूर्व सीएम हरीश रावत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा भी दिल्ली में है। नैनीताल सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट से मुकाबले में कांग्रेस को कई नेताओं की दावेदारी से अपना उम्मीदार घोषित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी रही है। बृहस्पतिवार को माहरा ने पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर चुनाव रणनीति को लेकर फीडबैक दिया। भाजपा ने पांचों लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। जबकि कांग्रेस हरिद्वार और नैनीताल सीट में प्रत्याशियों के चयन में उलझी हुई है। हरिद्वार से पूर्व सीएम हरीश रावत अपने पुत्र वीरेंद्र रावत के टिकट देने की पैरवी कर रहे हैं। जबकि प्रदेश कांग्रेस माहरा ने भी इस सीट दावेदार माने जा रहे हैं। नैनीताल सीट से विधायक भुवन कापड़ी, प्रकाश जोशी, महेंद्र पाल और रंजीत रावत के नाम की चर्चा है। दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा से पहले बृहस्पतिवार को माहरा दिल्ली पहुंचे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव वेणुगोपाल समेत कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। वहीं हरीश रावत भी दिल्ली में डटे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ कुमाऊं मंडल की नैनीताल ऊधमसिंहनगर की हाईप्रोफाईल सीट से कांग्रेस के रणनीतिकारों ने भी किसी स्थानीय बड़े नेता को ही टिकट देने की पैरवी की है। बहरहाल कांग्रेस ने दो सीटों पर व्यापक मंथन शुरू कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा भी नैनीताल सीट से प्रबल दावेदार हो सकते हैं। जबकि हरद्विर से पूर्व सीएम हरीश रावत और उनके पुत्र वीरेंद्र सिंह रावत की दावेदारी पर मंथन होगा। आज दुसरी सूची जारी होने की संभावना है जिसमें दोंनो सीटों के प्रत्याशियों के नाम हो सकते है।

# एसएस संधु बने नये चुनाव आयुक्त

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डॉ. सुखबीर सिंह संधु को भारत के निर्वाचन आयोग(ईसीआई) का चुनाव आयुक्त बनाया गया है। देश के इस सबसे प्रतिष्ठित पदों में से एक पद पर डॉ. संधु की नियुक्ति उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है। बता दें कि वह 1988 बैच के उत्तराखंड कैडर के अधिकारी थे। उन्हें 2021 में उत्तराखंड का मुख्य सचिव बनाया गया था। वह 31 जनवरी 2024 को रिटायर हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए उन्हें लोकपाल कार्यालय में सचिव पद की अहम जिम्मेदारी दी गई थी। अब प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति ने जिन दो पूर्व आईएएस अफसरों को चुनाव आयुक्त बनाया है, उनमें एक डॉ. संधु हैं। वह



उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। मुख्य सचिव के तौर पर डॉ. संधु का कार्यकाल उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने शासन की कार्यप्रणाली को सूचना प्रौद्योगिकी से जोड़ने पर काम किया। पारंपरिक तौर तरीकों के बजाय हाईटैक साधनों से प्रशासनिक कामकाज का माहौल बनाया। सचिवालय से लेकर विभागों, निदेशालयों और जिलों, तहसीलों में ई–फाइल की व्यवस्था के विजन को लागू कराने पर डॉ. संधु ने विशेष जोर दिया। उन्हीं के कार्यकाल में पहली बार उत्तराखंड में कैबिनेट और आईएएस अफसरों के चिंतन शिविर में सशक्त उत्तराखंड का एक रोडमैप बना, जिस पर धामी सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट केदारनाथ पुनर्निर्माण परियोजना के कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी राज्य में डॉ. संधु पर थी। परियोजना की प्रगति की जानकारी के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय डॉ. संधु के सीधे संपर्क रहा। एनएचएआई के चेयरमैन रहते हुए डॉ. संधु ने दिल्ली से देहरादून तक एक्सप्रेस हाईवे को न सिर्फ मंजूरी दिलाई, बल्कि मुख्य सचिव बनने के बाद भी अपने प्रयासों से इस पर तेजी से कार्य कराया।

# गर्जिया देवी मंदिर के सुरक्षात्मक कार्य योजना के लिए 579.11 लाख रुपए की स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर स्थित गर्जिया देवी मंदिर के मुख्य टीले को आपदा प्रबंधन के तहत कोसी नदी की बाढ़ से बचाव हेतु सुरक्षात्मक कार्य योजना के लिए 579.11 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है।इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जनपद उत्तरकाशी की नगर पंचायत पुरोला को तृतीय श्रेणी की नगर पालिका परिषद् के रूप में अपग्रेड करने पर भी सहमति दी है। मुख्यमंत्री ने द्नगर पंचायत कालाढूंगी, जिला नैनीताल को तृतीय श्रेणी की नगर पालिका परिषद के रूप में अपग्रेड किए जाने संबंधी प्रस्ताव को भी सहमति दी है।

# उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी आयोग में चार सदस्यों को किया नामित

देहरादून। उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी आयोग में सदस्य के पद पर तात्काल प्रभाव से चार सदस्यों को नामित किया गया है। उप सचिव अजीत सिंह की ओर से जारी कार्यालय आदेश में छेदीराग भारती, निवासी तप्पड़ हरबर्टपुर, विकारानगर, देहरादून, विनय कुमार बाल्मिकी, निवासी शक्ति विहार, तेलीवाला, रुड़की और हर्ष रत्नाकर, निवासी काशीपुर, ऊधमसिंह नगर, एडवोकेट राकेश कुमार पार्चा, ऋषिकेश को सदस्य बनाया गया है। नामित सदस्यों को उनके कर्तव्यों, दायित्वों, अधिकारों व सेवावधि के संबंध में सम्बन्धित प्रशासकीय विभाग द्वारा पृथक से आदेश निर्गत किये जाएंगे।

# महारूद्र यज्ञ अनुष्ठान में शामिल हुए सीएम

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जीवनदीप आश्रम, हरिद्वार में आयोजित श्री महारूद्र यज्ञ अनुष्ठान में शामिल होकर यज्ञ में आहूति दी तथा यज्ञ अनुष्ठान में प्रतिभाग करने वाले यजमान व यज्ञ को सम्पादित कराने वाले आचार्यों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का सिरमौर, विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भगवान महादेव की कृपा से निश्चित ही 21वी सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। इस दौरान विधायक प्रदीप बत्रा, दर्जा राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल, उपाध्यक्ष एचआरडीए अंशुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जाम के झाम से मुक्ति दिलाने में ट्रैफिक पुलिस फेल

काशीपुर(उद संवाददाता)। यातायात पुलिस की लापरवाह कार्य शैली के चलते नगर के महत्वपूर्ण स्थानों पर लग रहे भीषण जाम के कारण लोगों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस एवं सिटी पेट्रोल यूनिट के जवान यहां वाहन पहुंचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर कामकाजी लोग भी गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जाम में जूझते दिखाई पड़ते हैं। ट्रैफिक पुलिस की इंटरसेप्टर गाड़ी अधिकांश नगर क्षेत्र से बाहर हाईवे अथवा मंडी चौकी के आसपास नजर आ रही है। ज्ञातव्य है लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग जाम से निजात पाने के लिए महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाता। टांडा उज्जैन में लग रहे लगातार जम के कारण स्थिति बद से बद्तर हो चुकी है। इस स्थान पर पूर्व में कई बार गंभीर दुर्घटनाओं में लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा लेकिन इसके बाद भी और दर्जनों स्थानों पर अवैध अतिक्रमण सड़कों पर पसरा पड़ा है। इसी तरह टांडा उज्जैन चौराहे पर फल तथा सब्जी के लगने वाले फंड़ अथवा ठेलों के कारण हालात बदतर हो चुके हैं। **कांस्टेबल को हासिल है कारखास का तमगा :** यातायात पुलिस में एक कांस्टेबल





चालकों को यातायात नियमों का पाठ नहीं पढ़ा पा रहे हैं फल स्वरुप हालात यह है कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण टांडा उज्जैन तथा चीमा चौराहा जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भीषण जाम की नौबत उत्पन्न हो रही है। जाम के कारण जहां एक और स्कूली छात्र–छात्राओं को समय पर विद्यालय कि ट्रैफिक पुलिस की गलत नीतियों के कारण नगर के महत्वपूर्ण स्थानों पर लगने वाले जाम ने यहां व्यवस्था की पोल खोल दी। सड़कों पर जिस समय जाम की नौबत पैदा होती है दर्जनों की तादाद में छोटे–बड़े वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। ट्रैफिक जाम के कारण अक्सर गंभीर दुर्घटनाएं भी घटित होती है अब तक मुश्किलों से निजात पाने के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाए जा सके। समाज का एक प्रबुद्ध वर्ग लग रहे जाम का एक कारण अवैध अतिक्रमण को भी मानता है। यहां बता दे की टांडा उज्जैन तिराहे से लेकर चौराहे से होते हुए रेलवे क्रॉसिंग टांडा उज्जैन एवं रेलवे क्रॉसिंग दढियाल बस स्टैंड तक मार्ग के दोनों पिछले कई वर्षों से जुगाड़ के बूते एक ही स्थान पर जमा हुआ है। कांस्टेबल की गतिविधियों को लेकर आम जनता के बीच तमाम भ्रांतियां पैदा हो गई है तो वहीं कांस्टेबल पर अवैध वसूली के भी आरोप लग रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इस कांस्टेबल को कारखास का तमगा हासिल है।

# गदरपुर के प्राइमरी स्कूल में तीन सौ बच्चों को पढ़ा रहे तीन टीचर

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को किताबों से लेकर ड्रेस , खाना व जूते तो मिल रहे हैं लेकिन जो असल में मिलना चाहिए वही नहीं मिल पा रहा है हम बात कर रहे हैं शिक्षकों की कमी की । प्राइमरी स्कूल में करीब 300 से अधिक बच्चे हैं पर वहां पढ़ाने के लिए महज तीन अध्यापक नियुक्त हैं इससे सरकार की शिक्षा नीति पर सवालिया निशान उठ रहे हैं राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रथम में वर्तमान में करीब 300 बच्चे अध्यनरत है इनमें अधिकांश बच्चे ऐसे हैं जो बेहद ही गरीब परिवारों से ताल्लुक रखते हैं इन बच्चों को सरकार किताबें बैग ,ड्रेस, खाना व जूते तक मुक्त मुहैया करवाती है परंतु दुर्भाग्य की बात है कि स्कूल में 300 बच्चों को पढ़ाने के लिए महज तीन शिक्षक हैं इनमें से भी कुछ शिक्षक अवकाश भी लेते हैं कुछ सरकारी कार्यों में व्यस्त हो जाते हैं चुनाव ड्यूटी पर भी इनको जाना होता है कक्षा एक से 5 तक की कक्षाएं चलती हैं पांच कक्षाओं के लिए तीन टीचर है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्राइमरी स्कूल में शिक्षा का स्तर कैसा होगा यह तो भला हो कुछ स्वयं सेवी संस्थाओं का जो विद्यालय में फर्नीचर पंखे व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा देती है अन्यथा स्थिति और भी खराब हो जाती अब एक शिक्षित महिला सीमा फुटेला बिना वेतन के निशुल्क शिक्षा प्रदान करवा रही हैं जिससे बच्चों का स्तर ऊपर उठ सके। स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश चौहान से जब इस बारे में बात की गई तो उनका कहना था कि इस बाबत कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है परंतु अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है अब एक एनजीओ एलड़ा फाउंडेशन बच्चों को खेल की सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु आगे आई है जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक रूप से विकास हो सके फाउंडेशन की अध्यक्षता डॉक्टर पूजा अहमद ने बताया कि वह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विगत लंबे समय से प्रयासरत है साथ ही किशोर युवतियों को साफ सफाई रखना सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए भी प्रेरित कर रही है।

# जन संवाद कार्यक्रम में कोतवाल ने सुनी समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस एवं नागरिकों से सीधा संवाद कार्यक्रम में कोतवाल सुंदरम शर्मा ने लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए युवा पीढ़ी पर पैनी नजर रखने की अपील की। साइबर अपराधियों की कार्यशैली से भी अवगत कराते हुए जागरूक किया। नगर के वार्ड नंबर 12 में स्थित रजा मैरिज हाल परिसर में आयोजित पुलिस एवं नागरिकों से सीधा संवाद कार्यक्रम में कोतवाल सुंदरम शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा उस पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रमुख समाजसेवी एवं पूर्व सभासद नजाकत खान ने पुलिस की कार्यशैली पर आभार व्यक्त किया कि पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए पुलिस की छवि को बदलने का काम किया है जिससे जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। बुजुर्ग हाजी अब्दुल मजीद ने कहा कि तमाम युवक बाइकों पर प्रेशर हॉर्न लगा कर वार्ड में ध्वनि प्रदूषण के साथ स्टैंड करते हैं उन पर लगाम कसी जानी चाहिए। वयोवृद्ध समाजसेवी





वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कवि नवी अहमद मंसूरी ने पुलिस के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि नगर एवं वार्ड में तमाम फर्जी प्रेस लिखे वाहनों की भरमार है। प्रेस लिखे वाहनों कार एवं बाइकों की जांच होनी चाहिए। वार्ड वासियों ने पुलिस से अपील की कि स्कूल एवं कालेज खुलने एवं छुट्टी के समक्ष मनचलों का रास्ते में जमवाड़ा लगा रहता है तथा छात्राओं से छेड़छाड़ आम बात हो गई है। कोतवाल ने भरोसा दिलाया कि नागरिक द्वारा जो भी समस्या रखी जा रही हैं यथा शीघ्र कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों को जानकारी दी पुलिस ने 36 वार्ड वार डिजिटल ग्रुप बना रखे है जिसमें सभी सम्मानित नागरिकों को जोड़ा जा रहा है। अब हर व्यक्ति को थाना कोतवाली आने की आवशकता नहीं है अपने वार्ड व क्षेत्र की पुलिस ने सम्बंधित समस्या को ग्रुप के माध्यम से एवं 112 नम्बर पर पुलिस को सूचित कर सकता है पुलिस सौ फीसदी कारवाई करेगी। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने कहा कि आपस में भाईचारा एकता के बल पर ही हम समाज को नई दिशा दे सकते हैं। आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण के बल पर ही हम समाज में अपराधों एवं नशा खोरी पर अंकुश लगाने में कामयाब हो सकते हैं। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर ही एक श्रेष्ठ समाज की स्थापना करने में सफल हो सकते हैं। कोतवाल ने नाबालिग बेटा बेटी को बाईक न देने के अलावा वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की भी हिदायत दी। कार्यक्रम में कोतवाल सुंदरम शर्मा, हल्का प्रभारी ओ पी सिंह नेगी,एस आई महेश चन्द्र, महिला उपनिरीक्षक जानकी राणा, एवं चीता सिपाही जगमोहन सिंह रौतेला, दीपक बोहरा को नजाकत खान द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया।पुलिस नागरिक सीधा संवाद कार्यक्रम में सभासद फिरासत खान, डॉ सलीम अहमद, हाजी लईक शेख, हाजी अब्दुल मजीद, दिलशाद शेख , शफीक अहमद मुनीम, नासिर खान, विक्की खान, मुन्ने अंसारी, खतीब शेख, डॉ शमशुल हसन आदि थे।


रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# संयोजक एवं सहसंयोजकों का शुक्ला ने किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर ऐतिहासिक मतों के साथ 400 सीट जीतकर भारतीय जनता पार्टी केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाएगी। उक्त वक्तव्य भारतीय जनता पार्टी उधमसिंहनगर जिले में मनोनीत विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सहसंयोजक का भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास पर फूल मालाओं से स्वागत करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कही। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मैं हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष द्वारा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रकोष्ठों में संयोजक एवं सहसंयोजक की जिम्मेदारी देकर उनकी जिम्मेदारियां बढ़ाने का काम किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मराज जायसवाल को निकाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, जिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना को पंचायत प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, गिरीश चतुर्वेदी को विधि प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष दीप नारायण यादव को सेवानिवृत कर्मचारी



प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, प्रताप सिंह बिष्ट व उदय वाश्नेय को एन जी ओ प्रकोष्ठ का जिला सहसंयोजक, वरिष्ठ भाजपा नेता खेमकरण कश्यप को मछुआरा प्रकोष्ठ का जिला सहसंयोजक, आरके शर्मा को प्रबुद्ध प्रकोष्ठ का जिला सहसंयोजक, मंजेश पांडे को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिला सहसंयोजक, गिरीश जोशी को धर्म संस्कृति प्रकोष्ठ का जिला सहसंयोजक एवन धीरज सिंह को जिला मंत्री किसान मोर्चा बनाया गया है, सभी का पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ माला पहनाकर स्वागत किया! कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, ग्राम प्रधान जोगिंदर सिंह जिंदू, दीपक मिश्रा, महेंद्र पाल, सुरेंद्र चौधरी, देवेंद्र शर्मा, मूलचंद राठौर, कुलदीप बग्गा, राकेश गुप्ता, धनीराम, रज्जी कोली,भूपेंद्र पाठक, विनोद कोली, नितिन बाल्मीकि, सचिन बाल्मीकि, उमेश पाल, विजेंद्र यादव, राजेश कश्यप, गिरीश चंद वर्मा, सतीश गुप्ता, राकेश गुप्ता, ओम तनेजा, जावेद मलिक, शेर सिंह विर्क, आरती दुबे, जश्मीरी देवी, करुणा तिवारी, माधुरी विशेन, विनोद कोहली, अखिलेश यादव, हारून मलिक, दिलीप जीना समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बाल शोध मेले का आयोजन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सुनखरी कला में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन उधम सिंह नगर के सहयोग से राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुनखरी के प्रांगण में



बाल शोध मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्रधान सरिता देवी , अजय क्वीरा, खिलानंद अटवाल व नरेश राना द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी सीआरसी जसौद मेहता ने किया। शोध कार्य हेतु बच्चों के 10 ग्रुप बनाए गए थे। बच्चों द्वारा अपने सेवित क्षेत्र में भ्रमण कर अपनी-अपनी थीम से संबंधित प्रोजेक्ट कार्य को अपने अर्जित ज्ञान, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से कुलवंत सिंह, अश्विनी पाटिल एवं जुल्फिकार एवं संबंधित विद्यालय के शिक्षकों एवं सेवित क्षेत्र की जनता के सहयोग से बहुत ही स्वच्छंद वातावरण में पूर्णकर सभी ग्रुप्स के द्वारा स्वयं द्वारा किए गए कार्य को उत्सव में प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा बनाए गए एवं प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट कार्य की सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के द्वारा सराहना एवं प्रशंसा की गई। मेले का आयोजन करने वाले विद्यालय के शिक्षक आशीष कुमार, अमित कुमार, रमेश कुमार, सुमनवती द्वारा बच्चों के साथ किए गए कार्य का अनुभव साझा किए।शिक्षक नेता के.एन अटवाल ने अपने संबोधन में सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं व उपस्थित सेवित क्षेत्र की जनता को अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराने हेतु प्रेरित किया। दिनेश चौहान, मोहन बिष्ट, कमान सामंत, खजान सिंह, एपीएफ से कुलवंत सिंह, संजीव विजलवान ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों मैं आत्म सम्मान की भावना जागृत होती है साथ ही करके सीखने से बच्चों को स्थाई ज्ञान होता है जिसका उपयोग बच्चे व्यवहारिक जीवन में आसानी से कर सकते। संकुल प्रभारी जसौद मेहता ने सभी अतिथियों एवं अभिभावको तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के समस्त सहयोगी साथियों तथा आयोजनकर्ता विद्यालयों के शिक्षकों को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सेवित क्षेत्र की उपस्थित जनता द्वारा अपनी संस्कृति की होली गायन के साथ किया। उक्त अवसर पर निमाई माझी,राधे सिंह,हरविंदर सिंह, देवेंद्र कुमार, नीरज रानी ,कुंवर सिंह राणा, सुरेश प्रसाद, सुमंगल मंडल, राधे सिंह, चंद्रपाल सिंह, कृष्ण चंद्र आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# ब्लैक बेल्ट प्राप्त बच्चों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कौशल विकास परीक्षण एवं सेवा निदेशालय की अपर निदेशक श्रीमती ऋचा सिंह ने अपने कार्यालय में श्ब्लैक बेल्ट प्राप्त बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इण्टर हाऊस कराटे प्रमुख कोच विरेन्द्र सिंह ने बताया कि पावना खाती, फरिन सैफी, विशाल डसिला, कनिका जोशी और हर्षित जोशी ने तीन



से चार साल की मेहनत के बाद ये मुकाम हासिल किया है। बच्चो ने दिन रात मेहनत की तब उनको यह सफलता प्राप्त हुई। कोच वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि अपर निर्देशक श्रीमती ऋचा सिंह ने बच्चो को ब्लैक बेल्ट के प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अन्तराष्ट्रीय खिलाडी, चेतन भट्ट, उमा जोशी व अन्य लोग उपस्थित थे।

# साईबर ठगों ने खाते से उड़ाये आठ हजार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठगों ने एक और बैंक खाते में सेंध लगाकर आठ हजार की नगदी पार कर ली। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर नगदी वापस दिलाने की गुहार लगायी है। पुलिस को दी तहरीर में प्रीत विहार कालोनी निवासी प्रेमपाल पुत्र मोहन लाल ने बताया कि उसका स्टेट बैंक में खाता है। बृहस्पतिवार को उसके फोन पर एक अनजान कॉल आई उसके बाद उसके खाते से आठ जार की नगदी गायब हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-245617


## NAME CHANGE

I, POONAM MUNJAL W/O SATISH MUNJAL House No- 17, Vill- Gopalnagar, P.O./ Tehsil Gadarpur Distt- Udham Singh Nagar (Uttrakhand) Pin-263152 have been Changed my Name from POONAM RANI to POONAM MUNJAL Vide Affidavit at 28.7.2023

## NAME CHANGE

I, SATISH MUNJAL S/O KARAM CHAND House No- 17, Vill- Gopalnagar, P.O./ Tehsil Gadarpur Distt- Udham Singh Nagar (Uttrakhand) Pin- 263152 have been Changed my Name from SATISH KUMAR S/O KARAM CHAND to SATISH MUNJAL Vide Affidavit at 28.7.2023

## NOTICE

I, Devkee Devi Is legally Mother of No. 13782849L"Rank RFN Name Deepak Chand is presently residing at Vill. Kharkubhalya, Po.Pithoragarh (Sadar) Tehsil & Distt. Pithoragarh have Changed My Name Form Devkee Devi to Devki Devi vide Affidavit No. IN-UK10626949569994W "Date :- 13 March 2024

# उत्तराखंड की वन पंचायतों को मिले वित्तीय प्रबंधन के अधिकार

## धामी कैबिनेट ने वन पंचायत संशोधन नियमावली पर लगाई मुहर

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर वन पंचायत प्रबंधन में 12 साल बाद बदलाव किए गए हैं। उत्तराखण्ड कैबिनेट ने वन



पंचायत के ब्रिटिश काल के अधिनियमों में संशोधन कर नई नियमावली को मंजूरी दी है। नई नियमावली के तहत अब नौ सदस्यीय वन पंचायत का गठन किया जाएगा। उत्तराखण्ड भारत का एक मात्र राज्य है जहां वन पंचायत व्यवस्था लागू है। यह एक ऐतिहासिक सामुदायिक वन प्रबंधन संस्था है जो वर्ष 1930 से संचालित हो रही है। संशोधित नई नियमावली के बाद प्राप्त शुल्क को भी वन पंचायतों को अपने बैंक खाते में जमा करने का अधिकार होगा। नई नियमावली में इको टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रावधान हटाएगी। नियमावली अनुसार वन पंचायतों को अपने अपने क्षेत्रों में जड़ी-बूटी उत्पादन, वृक्षारोपण, जल संचय, वनाग्नि रोकथाम, इको टूरिज्म में भागीदारी का अधिकार मिलेगा। उत्तराखंड की 11217 वन पंचायतों को मजबूत और स्वावलंबी बनाने के लिए धामी कैबिनेट ने वन पंचायत संशोधन नियमावली पर मुहर लगा दी है। जिसमें ब्रिटिश काल के अधिनियमों में बदलाव कर वन पंचायतों को वित्तीय प्रबंधन के अधिकार दिए गए। नई नियमावली के तहत अब नौ सदस्यीय वन पंचायत का गठन किया जाएगा। जिसके पास जड़ी-बूटी उत्पादन, पौध रोपण, जल संचय, वन अग्नि रोकथाम, इको टूरिज्म में भागीदारी के अधिकार होंगे। इससे वन पंचायतों की आय में बढ़ोतरी होगी। पहली बार त्रिस्तरीय स्थानीय निकायों को भी वन पंचायत के वन प्रबंधन से जोड़ा गया है। उत्तराखंड देश का एक मात्र राज्य है, जहां वन पंचायत व्यवस्था लागू है। यह एक ऐतिहासिक सामुदायिक वन प्रबंधन संस्था है, जो वर्ष 1930 से संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल की है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 11217 वन पंचायतें गठित हैं, जिनके पास 4.52 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र है। वन पंचायत नियमावली में किए गए संशोधन के बाद अब प्रत्येक वन पंचायत 9 सदस्यीय होगी। इसमें एक सदस्य ग्राम प्रधान की ओर से और एक सदस्य जैव विविधता प्रबंधन समिति के माध्यम से नामित किया जाएगा। ऐसी वन पंचायतें जो नगर निकाय क्षेत्र में आती हैं, वहां नगर निकाय प्रशासन की ओर से एक सदस्य को वन पंचायत में नामित किया जाएगा।नई नियमावली में वन पंचायतों को वन उपज जैसे फूल पत्ती जड़ी-बूटी, झूला घास के रवन्ने या परमिट जारी करने का अधिकार दिया गया है, इससे प्राप्त शुल्क को भी वन पंचायतों को अपने बैंक खाते में जमा करने का अधिकार होगा। वन पंचायतें अभी तक ग्राम सभा से लगे अपने जंगलों के रखरखाव, वृक्षारोपण, वनाग्नि से बचाव आदि का काम स्वयं सहायता समूह या सहकारिता की तरह करती आई हैं, लेकिन इसका प्रबंधन डीएफओ के स्तर से किया जाता था। अब वन पंचायतों के वित्तीय अधिकार बढ़ा दिए गए हैं। वन पंचायतों को वन अपराध करने वालों से जुर्माना वसूलने का अधिकार दिया गया। वन पंचायतों को सीएसआर फंड या अन्य स्रोतों से मिली धनराशि को उनके बैंक खाते में जमा करने का अधिकार दिए जाने की भी व्यवस्था नए नियमावली में की गई है, जिससे वन पंचायतों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वनों में कूड़ा निस्तारण को भी प्राथमिकता में रखा गया है। साथ ही ईको टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं।

# सीएम ने किया दिल्ली से पिथौरागढ़ एलायंस एयर की हवाई सेवा का शुभारम्भ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कैम्प कार्यालय, देहरादून में दिल्ली से पिथौरागढ़ हेतु प्रारम्भ हो रही एलायंस एयर की हवाई सेवा का औपचारिक शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए आज औपचारिक रूप से विमान सेवा का शुभारंभ कर दिया गया है। विमान के संचालन से सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में एयर कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा, कि पिथौरागढ़ से दिल्ली जाने में 12 से 15 घंटे लगते हैं। इस सेवा के शुरु होने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी एवं समय की बचत होगी। साथ ही पिथौरागढ़ क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही में भी भारी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर सीमांत क्षेत्र का विकास शीर्ष प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि एलायंस एयर विमान दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल टी-3 से पिथौरागढ़, नैनीसैनी एयरपोर्ट के लिए आगामी अप्रैल माह से नियमित रूप से चलेगा। पिथौरागढ़ से दिल्ली की यात्रा में मात्र 1 घंटा लगेगा। इस अवसर पर सचिव श्री शैलेश बगोली, अपर सचिव श्री सी. रविशंकर, स्टेशन मैनेजर एलायंस एयर आरती शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेवारी समर्पित भाव से निभाए: आदित्य

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री आदित्य कौठारी ने कहा कि हर कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण समर्पित भाव से करें और पार्टी को परम वैभव की और ले जायें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को कार्यक्रम और पार्टी की जिम्मेदारी मिली है उन्हें उसे बखूबी निभाते हुए बूथ स्तर तक पहुंचाना लक्ष्य है। हम चुनाव को ज्यादा मजबूती से लड़ें और जनता के समाधान के लिए तत्पर रहे। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा हमें संगठन के लिए लगातार प्रयास करते रहना और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर जोर दिया तथा हर व्यक्ति तक पहुंच कर जनता के कामों के समाधान के लिए हम और हमारा हर ऐक कार्यकर्ता संकल्प बद्ध है ।बैठक में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र ढैला, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, उपाध्याय आनन्द दरम्वाल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री नवीन भट्ट व रंजन बर्गली, पूर्व प्रदेश महामंत्री गजराज सिंह बिष्ट मौजूद रहे। विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र ढैला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते संगठन के विषय में विस्तार से बताया और संगठन की रूपरेखा बनाई। बैठक में बंशीधर भगत विधानसभा संयोजक, देवेन्द्र ढैला विधानसभा प्रभारी ,भगवान तिवारी विधानसभा सह प्रभारी की जिम्मेवारी दी गई। मंच



संचालन भगवान तिवारी ने किया। बैठक में लाखन निगल्टिया, भुवन भट्ट, सुरेश गोंड, धीरज पाण्डे, राजेंद्र नेगी, जोंगा मैहरा, विक्रम जंतवाल, चंदन बिष्ट, कल्पना बौरा, कंचन कश्यप, प्रवीन जोशी, मोहन पाठक, दीपक सनवाल, आदि लोग मौजूद रहे ।

# दोनहरिया में सीसी संपर्क मार्गो का विधायक सुमित ने किया लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन मद से स्वीकृत विभिन्न सीसी संपर्क मार्गो का विधायक



सुमित हृदयेश ने लोकार्पण किया। ऐशबाग वार्ड 18 में 24.10 लाख और बैंक कॉलोनी, दोनहरिया वार्ड 8 में 19.96 लाख की लागत से निर्मित सीसी संपर्क मार्गो का निर्माण कराया गया है।विधायक सुमित ने कहा कि स्व. डॉ इंदिरा हृदयेश विकास कार्यो के लिए हमेशा विकास की देवी के नाम से पहचानी जायेगी। उनके मार्ग दर्शन और संरक्षण में नगर का अभूतपूर्व विकास हुवा है। सुमित ने कहा कि माताजी के विकास कार्यो से प्रेरणा लेकर वे हमेशा विकास कार्यों के लिए तत्पर रहते है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। स्थानीय जनमानस ने संपर्क मार्गो को बनवाने के लिए विधायक सुमित का आभार व्यक्त करते हुवे स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश को याद किया।लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जीवन कार्की, संजू पाना, विपिन सनवाल, रवि जोशी , किरन पांडे, मुकुल बलुटिया, शंकर सिंह गर्ब्याल, नेत्र जोशी, सविता गुरुरानी, गीता बहुगुणा, कमला तिवाड़ी, बीडी जोशी, बबलू रावत, विनोद कुमार पिंनु, संदीप भैसोड़ा, हिमांशु गांधी, एचके पांडे, हरीश अग्रवाल, विपिन महतोलिया, मुकुल जोशी, विशाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आप पार्टी ने आंगनबाड़ी वर्करों को दिया समर्थन

गदरपुर(उद संवाददाता)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन को समर्थन देने के लिए आम आदमी पार्टी के



जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी और प्रवक्ता विजय सिंह गदरपुर खंड विकास अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना स्थल पर पहुंचे। इस मौके पर बोलते हुए आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार महिला विरोधी है जिस तरह से पिछले 24 दिन से महिलाएं आंदोलन कर रही हैं और सिर्फ न्यूनतम मजदूरी की मांग कर रही हैं वह जायज है क्या इनको मिलना चाहिए,हम भी सरकार से पत्राचार करेंगे और साथ ही यह भी स्पष्ट करना चाह रहे हैं कि न्यूनतम मजदूरी सभी प्रकार के कुशल और कुशल श्रमिकों को मिलनी ही चाहिए।इस मौके पर जिला प्रवक्ता आम आदमी पार्टी विजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में 18000 न्यूनतम मजदूरी दुकानों पर काम करने वाले स्टाफ या किसी भी प्रकार के श्रमिक उन्हें आम आदमी पार्टी की सरकार के निर्देश के बाद मिलते हैं और आंगनवाडी कार्यकर्ता भी 18000 पर प्रतिदिन के हिसाब से वहां पर मानदेय पाती है और उत्तराखंड सरकार से भी निवेदन है कि इनकी मांगों पर ध्यान दें और इनको काम पर वापिस लिया जाए । इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि ने उनकी सुध नहीं ली है और सिर्फ आश्वासन भाजपा सरकार से मिल रहे हैं आज आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अपने कार्य कारिणी के साथ पहुंचे हैं और हमारे आंदोलन को समर्थन दिया है उसके लिए हम जिलाध्यक्ष महोदय सुभाष व्यापारी और उनकी टीम का धन्यवाद करते हैं और आज सरकार से भी उम्मीद रखते हैं कि हमारी मांगों पर जल्द ध्यान दें । इस मौके पर जिला संगठन मंत्री शहनाज ने कहा जिस तरह से धरना चल रहा है उससे स्पष्ट है कि राज्य सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है आज आम आदमी पार्टी की जिलाध्यक्ष पहुंचे हैं हम संगठन की ओर से उनका धन्यवाद करते हैं और आगामी लोकसभा चुनाव में हम लोग भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं डालेंगे और साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगें। कि मौके पर आनंदी देवी,गीता सक्सेना, शहनाज, मनप्रीत कौर, रीता रानी, शिखा, अंजू,नीलम, सुधा, प्रेमलता, राधा रानी,हरजिंदर कौर,सुनीता रानी, अनीता रानी, वंदना, प्रभा, सुनीता,ज्योत्सना, सरोज, सोनामणि,नीलम, परमजीत कौर, दीपाली, आसमां शाहिदा,गुड़िया सहित तमाम कार्यकर्ती मौजूद रहीं।

# घरों में जाने वाली पेयजल की पाइप लाइन टूटने से बढ़ी दिक्कतें

सितारगंज (उद संवाददाता)। पेयजल उपभोक्ताओं को शुद्ध पेयजल नहीं मिलने से हाहाकार मच गया। नलों में गंदला पानी आने के कारण उपभोक्ता परेशान है। जिसकी शिकायत मिलने पर जल संस्थान ने कई स्थानों से पानी के सैंपल जांच के लिए उठाए हैं। शहरी क्षेत्र के सिडकुल रोड से सटी बस्ती में नलों से गंदला पानी आने पर उपभोक्ताओं ने जल संस्थान से शिकायत की। दुर्गा प्रसाद, लक्ष्मी देवी, कमलेश, अनिल कुमार, डॉक्टर इरफान अली ने बताया कि घरों के नल और सार्वजनिक नलों में गंदला पानी आने से उपभाओक्तों को दिक्कत हो रही है। पीने वाले पानी में गंदगी मिलकर आ रही है। जिसकी सूचना निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने जल संस्थान के जेई



उज्जवल चौधरी को दी। इसके बाद जेई चौधरी ने राजकीय इंटर कालेज, पूर्व चेयरमैन अनवार अहमद के आवास के पास सार्वजनिक और निजी नलों का निरीक्षण कर पानी के सैंपल जांच के लिए हैं। जेई उज्जवल कुमार ने बताया कि पानी की टेस्टिंग में गुणवत्ता के मानक सही पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य पाइपलाइन पूरी तरह दुरुस्त है। घरों में जाने वाली पाइप लाइन जगह-जगह से होने के कारण दिक्कत सामने आ रही हैं। उपभोक्ता स्वयं घरों में आने वाली क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की नियमित देखभाल करें। इस मौके पर पंडित दिनेश भट्ट मौजूद रहे।

# ओम हॉस्पिटल में 96 वर्षीय वृद्ध के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के नैनीताल रोड स्थित ओम हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी होम के एमडी वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. ए.के. राणा ने 96 वर्षीय एक वृद्ध के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण कर रोगी को नया जीवन दिया है। जामनगर नं. तीन गदरपुर निवासी 96 वर्षीय राम सनेही सिंह राठौर पुत्र स्व. भरत सिंह को बीती 7 मार्च को ओम अस्पताल भर्ती कराया गया था। राम सनेही बाथरूम में चक्कर आने के कारण अचानक गिर गये जिससे उनका कूल्हा फैक्चर हो गया। उम्र अधिक होने के कारण राम सनेही फिजिकली फिट नहीं थे, जिस कारण उनके कूल्हे का ऑपरेशन करना आसान नहीं था लेकिन हाई रिस्क होने के बावजूद डा. एके राणा ने मरीज के परिजनों की सहमति के बाद ऑपरेशन किया। भर्ती होने के चार दिन बाद 11 मार्च को मरीज के कूल्हे का ऑपरेशन किया गया और सफल कूल्हा प्रत्यारोहपण कर वृद्ध मरीज को फिर से चलने लायक स्थिति में ला दिया। ऑपरेशन करीब डेढ़ घंटा चला जिसमें एनेस्थीसीया डा. अतुल जोशी ने दिया। ऑपरेशन में डा. राणा के साथ सहयोगी स्टाफ में आरिफ अंसारी, महानंद विश्वास भी शामिल रहे। मरीज अब अपने पैरों पर पहले की तरह खड़ा होकर चल फिर रहा है। मरीज और उनके परिजनों ने डा. राणा का आभार व्यक्त किया।



# आम जनता और कार्यकर्ताओं से सुझाव लेकर बनेगा भाजपा का घोषणा पत्रः कोठारी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी सम्भाग कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र आम जनता और कार्यकर्ताओं के सुझाव लेकर तैयार किया जाएगा, भारतीय जनता पार्टी की वीडियो वैन में संकल्प पेटिका रखी है तथा नमो ऐप एवं सरल ऐप के माध्यम से तथा जनसंवाद किसान वर्ग श्रमिक वर्ग, व्यापारी वर्ग, चिकित्सक वर्ग, विभिन्न समुदायोव वर्गो से पार्टी सुझाव ले रही है 15 मार्च तक सभी सुझावों का संकलन कर उन पर अध्ययन करने के बाद भारतीय जनता पार्टी अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी की सभी विधानसभा की कोर कमेटी और चुनाव प्रबंधन कमेटी की सूची घोषित हो चुकी है। 16 मार्च से 20 मार्च तक सभी शक्ति केन्द्रों में प्रदेश और जिले के वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रवास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य 71 प्रतिशत के मतों से जीतने का लक्ष्य है। अन्य की जमानत भी जब्त हो जायेंगी, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से लगातार विकास कार्य की और हमारा राज्य अग्रसर हो रहा है जनता से लगातार जनसंवाद और हर वर्ग के लोगों तक पहुंच उसके कार्यों को सर्वोपरी किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट मौजूद रहे।




# भारत विकास परिषद गदरपुर शाखा के रविन्द्र बजाज बने अध्यक्ष

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर के चुनाव श्री सनातन धर्म मन्दिर में चुनाव अधिकारी प्रांतीय संयोजिका संस्कार श्रीमती पारुल गुप्ता के सानिध्य में सम्पन्न हुए। जिसमें गदरपुर शाखा अध्यक्ष के रूप में रविन्द्र बजाज, सचिव प्रमोद बजाज एवं कोषाध्यक्ष डॉ. विनीत अरोरा का सर्वसम्मति से



मनोनयन किया गया। चुनाव के दौरान प्रांतीय प्रकल्प संयोजक दीपक सुधा, विनोद चुघ, निवर्तमान शाखा अध्यक्ष डॉ. प्रमोद गगनेजा, कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा, वरिष्ठ सदस्य अशोक भुड्डी, राजकुमार भुड्डी, राकेश भुड्डी, गौरव मदान, सुनील भुसरी, डॉ. सोनू विश्वास,रमन छाबड़ा,प्रवीन गिल्होत्रा एवं राकेश चावला उपस्थित रहे।

# शिविर में सैकड़ों बुजुर्गों की हुई निःशुल्क नेत्र जांच

**प्रभु नेत्रालय में होंगे निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉक्टर लाईन स्थित प्रतिष्ठित प्रभु नेत्रालय द्वारा वरिष्ठ जनों के लिए गत दिवस प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक यूथ क्लब बाजपुर के साथ संयुक्त रूप से यूथ हॉस्पिटल, शुगर फैक्ट्री, गेस्ट हाउस रोड़ बाजपुर में 31वां आंखों का निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया गया। प्रभु नेत्रालय के निदेशक मनीष पाल सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित इस शिविर में नेत्रालय के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. अंकित गुप्ता द्वारा अपने सहयोगियों के साथ लगभग चार सौ वरिष्ठ जनों के नेत्रों का आधुनिक नेत्र परीक्षण मशीनों द्वारा परीक्षण किया गया। शिविर में आए नेत्र रोगियों को नेत्र चिकित्सक डा. अंकित गुप्ता ने आंखों की सुरक्षा व इनकी अच्छी देखभाल के लिए कई महत्वपूर्ण सलाह भी दी। साथ ही साथ उन्हें निःशुल्क दवाएं भी दी। इस दौरान सौ से भी अधिक नेत्र रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से अत्याधुनिक फेको विधि द्वारा बिना टांके, बिना चीरा व बिना दर्द के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. अंकित गुप्ता द्वारा प्रभु नेत्रालय में किए जायेंगे। यूथ क्लब द्वारा आपरेशन वाले मरीजों को रूद्रपुर लाने व छोड़ने, खाना, दवाएं, काला चश्मा तथा ठहरने की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी। प्रभु नेत्रालय के निदेशक मनीष पाल सिंह ने बताया कि जनहित में समय समय पर उधमसिंह नगर व नैनीताल के अनेक शहरों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें चयनित रोगियों के नेत्रों के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के द्वारा निःशुल्क किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. अंकित गुप्ता द्वारा हर माह हजारों की संख्या में नेत्रों के सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। शिविर को सफल बनाने के लिए प्रभु नेत्रालय के अत्तर, फरहीन, निशा, जशन ,शान, इलिया, शिवम, प्रतीक सुखीजा, दीपिका सक्सेना, अकबर अली, स्वीटी, सुनील आर्य, चंद्र शेखर व दीपक सहित यूथ क्लब के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष गजानंद मित्तल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयल सहित मनोज गुप्ता, चंद्र प्रकाश मित्तल, ब्रह्मानंद गर्ग, संजीव बंसल, मनीष गर्ग, हरीश गर्ग, पवन गोयल, संजीव जिंदल ने सहयोग दिया।






# अवैध कालोनियों में की गयी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला ने अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध नियमानुसार ध्वस्तीकरण आदेश पारित किये थे जिसके तहत गुरुवार को रूद्रपुर एवं काशीपुर में विभिन्न जगहों पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं प्राधिकरण की टीम द्वारा कार्यवाही की गई। रूद्रपुर में ग्राम नेता नगर विजय नगर में 2 अनाधिकृत कालोनियों एवं काशीपुर में ग्राम नीझड़ा, तहसील काशीपुर में 2 कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। रूद्रपुर में तहसीलदार दीपक कुटैला के नेतृत्व में पुलिस बल एवं प्राधिकरण के अधिकारियों, कर्मचारियों ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जबकि काशीपुर में संयुक्त सचिव उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम एवं प्राधिकरण टीम कार्यवाही की गयी। उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला ने कहा है कि अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध भविष्य में भी कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने आमजन एवं कालोनाईजरों से अपील की है कि विधिवत मानचित्र/ तलपट मानचित्र स्वीकृत किये जाने के उपरान्त ही निर्माण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि भूखण्ड को क्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त कालोनी का विधिवत मानचित्र प्राधिकरण से विकासकर्ता/विक्रेता द्वारा स्वीकृत करवाया गया हो,ताकि वे भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचे रहें।





# नेत्रदान कर अमर हुई राधे श्याम गुल्यानी की आंखें

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।शहर के वरिष्ठ व्यापारी अमित गुल्यानी,मनमोहन गुलयानी के पिता राधे श्याम गुलयानी का 74 वर्ष की उम्र निधन हो गया। जिस पर उनके परिजनों ने भारत विकास परिषद शाखा के वरिष्ठ सदस्य संजय कुमार और व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा से संपर्क कर अपने पिता के नेत्रदान की इच्छा जताई। जिस पर गुल्यानी परिवार की इच्छा का सम्मान करते हुए भारत विकास परिषद के सदस्यों ने मुरादाबाद के सीएल गुप्ता मेमोरियल अस्पताल से संपर्क किया। जिसके बाद सीएल गुप्ता मेमोरियल अस्पताल से नेत्र विशेषज्ञों की टीम आई और उन्होंने स्वर्गीय राधे श्याम गुल्यानी के नेत्रदान का संकल्प पूरा कराने की प्रक्रिया संपन्न कराई। भारत विकास परिषद के नरेंद्र अरोरा ने कहा कि नेत्रदान महादान है ऐसे में गुल्यानी ने नेत्रदान कर एक महान कार्य किया है और अब उनकी आंखें अमर हो गई हैं। जो किसी अन्य व्यक्ति को रोशनी देगी।गुल्यानी परिवार के इस प्रयास की सभी ने सराहना की और राधे श्याम गुल्यानी के निधन पर शोक व्यक्त किया।



# विधायक ने हॉटमिक्स मार्ग का किया शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा रुद्रपुर के मोहनपुर न. 1 क्षेत्र में 56 लाख की लागत से एक किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग का विधायक शिव अरोरा ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया । इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हमने कई महत्वपूर्ण रोडों के कार्य आरंभ करवाये है, निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यो से काफी खस्ता हाल रोडों की स्थिति बदली है। विधायक शिव अरोरा ने कहा जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हम चारो ओर विकास कार्य कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगो से मुलाकात कर कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाना है और हमारे लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट की जीत सुनिश्चित करते हुए उन्हें चुनकर संसद में भेजना है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जगदीश विश्वास, राजेश बजाज, अशोक विश्वास , मुकेश प्रधान,शिवपद मण्डल, सुनील गुगलानी, आलोक रॉय, गणेश मण्डल, आनंद विश्वास,माणिक, दूलाल मालिक, कौशल विश्वास व अन्य लोग मौजूद रहे।



# 100 से अधिक महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास योजना के तहत जनपद में 138 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है, जिसमें से 100 से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी। योजना के अंतर्गत एनआरएलएम व स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला को गाय, भैंस, बकरी , सूकर पालन एवं ब्रायलर ,लेयर कुटकुट पालन हेतु बैंकों के माध्यम से 90% ब्याज छूट पर ऋण दिया जा रहा है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा जनपद उधम सिंह नगर में 138 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है ।जिसमें से 100 से अधिक एनआरएलएम व स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को पशुपालन व कुटकुट पालन हेतु 90% ऋण पर लाभान्वित किया जाएगा। इससे पशुपालन से जुड़ी महिलाएं दुग्ध उत्पादन, अंडा उत्पादन एवं मांस उत्पादन कर आर्थिक रूप से स्वालंबी बनेंगी। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि भविष्य में लाभार्थियों को हाउस आफ हिमालय से जोड़कर उनके उत्पादो के विपणन में भी सहायता की जायेगी।



# ऋचा सिंह को ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। निवर्तमान सिटी एवं वर्तमान में प्रशिक्षण निदेशालय में अपर निदेशक का दायित्व निभा रहीं ऋचा सिंह को ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। टीपी नगर व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि जस तरह से तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाओं को सुधारने की दिशा में प्रयास किया वह काबिले तारीफ है। टीपी नगर व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े तमाम पदाधिकारी प्रशिक्षण निदेशालय कार्यालय पहुंचे और अपर निदेशक ऋचा सिंह को स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। महामंत्री प्रदीप सब्बरवाल ने कहा कि उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर रहते हुए शहर की कानून व्यवस्था के साथ ही व्यापारियों कीसमस्याओं के निराकरण के लिए कार्य किया। अव्यवस्थाओं से जूझ रहे ट्रांसपोर्ट नगर की सुविधाओं को पटरी पर लाने का श्रेय भी ऋचा सिंह को जाता है। एक महिला होने के बाद उन्होंने जिस तरह के प्रयास शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने की दिशा में किए, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। कोराना काल में लालकुआं एसडीएम रहते हुए ऋचा सिंह को प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट का चार्ज मिला था। जिसके बाद उन्होंने दिन रात लोगों की मदद की। महिला होने के नाते अपने परिवार की जिम्मेदारी होने के बाद भी वह कारोना काल में लोगों की मदद के लिए दिन रात जुटी रहीं। इतना ही नहीं उन्होंने कोरोना काल में प्रवासी लोगों को घर तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई। करीब ढाई साल के अपने कार्यकाल में ऋचा सिंह ने शहर को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। प्रदीप सब्बरवाल ने कहा कि सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर रहते हुए उन्होंने कई मिशनों को अंजाम दिया। रामगढ़ में आई आपदा के तहत राहत बचाव का कार्य हो या फिर शहर को अतिक्रमण या मुक्त करने के लिए चलाए अभियान में वह रातभर जुटी रहीं। एक महिला अधिकारी होने के बाद भी सिटी मजिस्ट्रेट ने शहर में हो रहे अवैध गोरखधंधों पर भी नकेल कसी। उनके द्वारा शहर को नई दिशा देने का जो प्रयास किया गया उसे हमेशा याद रखा जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी, महामंत्री प्रदीप सबरवाल, ललित मोहन बिष्ट, इंद्र कुमार कुमार भुटियानी, हाजी नफीस, मंजीत सिंह सेठी, मुकेश खन्ना, लक्ष्मण सिंह नेगी, कनेडी सचदेवा आदि मौजूद रहे।



# आचार संहिता लगते ही लागू होंगे चुनाव आयोग के नियम : डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के बाद चुनाव आयोग के नियम लागू होंगे जिसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा। कहा कि सरकारी माध्यम से योजनाओ का प्रचार प्रसार नहीं होगा। सभी लोगों से आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वच्छंद मतदान सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की।कोई भी नई योजना लागू नहीं होगी। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकारां से वार्ता करते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि आचार संहिता के दौरान जनता की शिकायतें हमेशा सुनी जाएंगी। धारा-144 के तहत धरना प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। खबरों, विज्ञापन की कमेटी द्वारा समीक्षा होगी। पेड न्यूज पर भी नजर रखी जाएगी।मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण समिति गठित है। जो राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर गठित है। कहा कि कोई भी चौनल ऐसे किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं करेंगे जो कि कानून के विपरीत हो। साथ ही ऐसे विज्ञापन की अनुमति नहीं दी जाएगी जो कि किसी धर्म, जाति की भावनाओं से जुड़ा हो। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उपजिलाधिकारी मोनिका, सीईओ गजेंद्र सिंह सोन सहित पत्रकार बंधु आदि उपस्थित थे।



# धीरेंद्र,वीरेंद्र व रामबाबू संरक्षक मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर हल्द्वानी अध्यक्ष योगेश शर्मा व महामंत्री मनोज जायसवाल द्वारा समाजसेवी निवर्तमान पार्षद धीरेंद्र रावत, अध्यक्ष पेट्रोल पंप एसोसिएशन वीरेंद्र सिंह चड्ढा तथा अध्यक्ष मुक्तिधाम समिति रामबाबू जायसवाल को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर हल्द्वानी के संरक्षक पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त संरक्षक से व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों को लाभ मिलेगा। इस मनोनयन पर जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता , संगठन मंत्री उपेंद्र कंनवाल, कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता, महिला उपाध्यक्ष दीपा जायसवाल, महिला सचिव गीता कांडपाल ने हर्ष व्यक्त किया है ।



# छात्र-छात्राओं को दिलाई शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में मतदान जागरूकता अभियान के तहत देश का गर्व चुनाव का पर्व के अंतर्गत छात्र-छात्राओं से मतदान हेतु संकल्प पत्र भरवाए गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम लिखवाने के साथ अन्य दूसरे नागरिकों को मतदाता सूची में नाम लिखवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा अपने मतदान का प्रयोग बिना भय, धर्म, जाति, धन और प्रलोभन से ऊपर उठकर करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर नोडल स्वीप अधिकारी प्रोफेसर आशा राणा ,प्रोफेसर सर्वजीत सिंह , प्रोफेसर मनोज पांडे ,तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई।



# दो पेटी अंग्रेजी शराब ले जाते पकड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को दो पेटी अंग्रेजी शराब ले जाते पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगलपड़ाव व कांस्टेबल अरुण राणा तथा संतोष बिष्ट द्वारा मंगलपड़ाव क्षेत्र में बेस अस्पताल के पास चेकिंग के दौरान नशा तस्कर सोनू सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी राजपुरा को एक प्लास्टिक के कट्टे में अवैध 02 पेटी ब्लेंडर विस्की शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आरोपी के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## पेज एक का शेष...

**सरकार के काम बनेंगे बड़ी...**कामों को तेजी से पूरा किया जायेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड के अंदर दिसंबर माह माह इनवेस्टर समिट का आयोजन किया था इसमें पूरी दुनिया से इनवेस्टरों ने आकर उत्तराखण्ड में बड़ी संख्या में निवेश करने के लिए प्रस्ताव दिये। जिसमें पूरे राज्य के अंदर 3 लाख 50 हजार करोड के एमओयू किये। आज इन प्रोजेक्टों को धरातल पर उतारने का काम भी शुरू हो गया है। इस जनपद के अंदर भी 25 हजार करोड़ के एमओयू हुए थे। यहां पर 18 हजार करोड़ के ग्राउंडिंग के काम शुरू हो गये हैं। इससे कुमांऊ क्षेत्र के लिए बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा। जो भी काम करने वाले भाई बहन हैं उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें घर के पास ही काम मिलेगा। सीएम ने कहा कि जसपुर में नया नगर पालिका भवन बनने से यहां पर लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जसपुर से मेरा विशेष लगाव रहा है।जसपुर के विकास में कमी नहीं आने दी जायेगी। यहां पर जो भी काम होने हैं उन्हें पूरी प्राथमिकता से किया जायेगा। सीएम धामी ने सरकार के ऐतिहासिक फैसलों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार के काम से आज हर तरफ खुशी का माहौल है। सरकार ने हर वर्ग का विकास किया है। सरकार जनता के साथ हर कदम पर खड़ी है। युवा, किसान, मातृ शक्ति सभी के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चे के पैदा होने से लेकर बुजुर्गों तक को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार का प्रयास है बेहतर प्रयास, बेहतर जीवन है। इसके साथ साथ शिक्षा को भी बेहतर बनाया जा रहा है। रोजगार के लिए युवाओं को अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बालिका शिक्षा के लिए विशेष रूप से काम किया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम दुनिया भर में मजबूत हुआ है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के सच्चे हितैषी है। उनके हाथों को मजबूत बनाने के लिए इस क्षेत्र से अजय भट्ट को पुनः जिताकर भेजना है। उन्होंने लोगों से जसपुर क्षेत्र से जीत का इतिहास बनाने का आहवान किया। सीएम धामी ने कहा कि जो समस्याएं इस सभा में आयी हैं उनका समाधान हर हाल में किया जायेगा। सीएम ने जसपुर महाविद्यालय के उच्चीकरण की घोषणा की। साथ ही सीएम ने अधिवक्ताओं के लिए चैंबर का निर्माण कराने की भी घोषणा की। सीएम ने कहा कि जो भी प्रस्ताव आये हैं उन पर निश्चित रूप से काम कियाा जा येगा। इससे पूर्व कार्यक्रम को केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मत्री अजय भट्ट, पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन विनय कुमार रुहेला, काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा,पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल,प्रदेश महामत्री खिलेन्द्र चौधरी, मण्डी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ,गुरविंदर सिंह चंडोक, विकास शर्मा, डा. सुदेश चौहान, एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार,खड़ग सिंह चौहान, कमल चौहान, राजकुमार, गौतम गिरी, मनोज पाल के अलावा जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टिसी सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**जागेश्वर धाम में अब ..**आदि जपों का शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इतना ही नहीं, अब से पहले जाप करवाने के लिए संबंधित श्रद्धालु की सामग्री सहित रसीद कटती थी।यानी सवा लाख मंत्रों का जाप करवाने के लिए श्रद्धालु को जो 25 हजार रुपये की रसीद कटवानी पड़ती थी, उसमें पूजा सामग्री का शुल्क भी जुड़ा होता था, लेकिन अब बढ़ी हुई दक्षिणा की राशि के अलावा संबंधित श्रद्धालु को पूजा की सामग्री भी खुद लानी होगी। प्रस्ताव पास होने पर जापों की रसीद सामग्री रहित कटेगी। इसके अलावा अब जागेश्वर धाम में महामृत्युंजय जाप ,मृत संजीवनी जाप की दक्षिणा राशि भी तय कर दी गई है। अभी तक मंदिर प्रबंधन समिति की दक्षिणा की सूची में इस जाप का उल्लेख नहीं था, इससे कई बार पुजारियों और श्रद्धालुओं में असमंजस की स्थिति निर्मित हो जाया करती थी ,मगर अब मंदिर प्रबंधन समिति की पूजाओं की दक्षिणा वाली लिस्ट में महामृत्युंजय मृत संजीवनी जाप को भी जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया है। साथ ही 11 हजार मंत्रों के मृत संजीवनी जाप की दक्षिणा 15 हजार, 23 हजार मंत्रों के जाप की दक्षिणा के 61 हजार ,जबकि सवा लाख मृत संजीवनी जाप की दक्षिणा 121000 रुपये करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।महामृत्युंजय मंत्र के सवा लाख जाप करवाने की दक्षिणा राशि 61 हजार रुपये प्रस्तावित कर दी गई है। अभी तक केवल मृत्युंजय मंत्र जाप की ही राशि मंदिर प्रबंधन समिति की पूजाओं की लिस्ट में शामिल थी। जिसके चलते 'मृत्युंजय' और 'महामृत्युंजय' मंत्र के जाप को लेकर भी कई बार असमंजस की स्थिति पैदा हो चुकी है। दरअसल, महामृत्युंजय जाप में मृत्युंजय जाप के अलावा संपुट भी लगता है यही वजह है कि महामृत्युंजय जाप करवाने की दक्षिणा शुल्क अधिक है। बताना होगा कि जागेश्वर धाम में जाप, पूजा या अन्य अनुष्ठानों से मिली दक्षिणा की करीब 30 से 35 फीसद रकम जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति को जाती है और करीब 65 फीसद धनराशि का अंशदान संबंधित पुजारी को दिया जाता है। मंदिर समिति के खाते में आई धनराशि जागेश्वर को सफाई व्यवस्था, बिजली बिल, पेयजल, सुरक्षा, सीसीटीवी, सार्वजनिक शौचालय, प्रबंधक और कर्मचारियों का मानदेय के अलावा जनहित के तमाम कार्यों में खर्च करने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि जागेश्वर धाम में हाईकोर्ट के आदेश पर मंदिर प्रबंधन समिति का गठन 2014 में हुआ था । उसी वक्त मंदिर प्रबंधन समिति ने पूजा, जाप अनुष्ठान आदि का दक्षिणा शुल्क तय कर दिया था। पिछले 10 साल के भीतर देश में महंगाई कई गुना बढ़ गई है,लेकिन जागेश्वर में पूजा अर्चना की दक्षिणा राशि नहीं बढ़ पाई थी। इसके कारण पुजारियों को भी तमाम परेशानियां उठानी पड़ रही थी। ये मुद्दा बीते दिनों मंदिर प्रबंधन समिति की भनोली तहसील में एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में जोरशोर से उठा था। इसी को लेकर विगत दिवस पुजारी प्रतिनिधि की अध्यक्षता में पुजारियों की बैठक में उपरोक्त तमाम प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।

**एक करोड़ की ड्रग के ...**और उड़ीसा आदि राज्यों में ले जाते हैं और वापसी में कभी-कभी मादक पदार्थों की सप्लाई ले आते हैं। इस बार वे रुद्रपुर स्थित किसी प्लाई फैक्ट्री से रांची प्लाई लेकर गये थे। वापसी में राँची से ड्रग भरकर ला रहे थे। ताकि यहाँ उसे होली व चुनाव के समय पर भारी मुनाफे पर बेच सकें। एसटीएफ की इस कार्यवाही में उ0नि0 के0जी0 मठपाल व मुख्य आरक्षी रविन्द्र बिष्ट तथा सर्विलांस में अ0उ0नि0 प्रकाश भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बरामद माल की कीमत एक करोड़ रूपये आंकी गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने तस्करों को पकड़ने वाली टीम को 25000 रूपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह, निरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक के0जी0 मठपाल, उपनिरीक्षक बृजभूषण गुरुरानी, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह, रविंद्र सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह बिष्ट, दुर्गा सिंह पापड़ा, रियाज अख्तर, महेंद्र गिरि, किशोर कुमार,सुरेन्द्र कनवाल, आरक्षी मोहित वर्मा, गुरवंत सिंह, दीपक भट्ट के अलावा थाना पुलभट्टा के एसओ धीरज वर्मा, अपर उपनिरीक्षक सुरेश पसबोला, आरक्षी दीपक बिष्ट आदि शामिल थे।

**लोनिवि के खिलाफ...**अत्यधिक की जा रही है जिस पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है जिस वजह से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है और ग्रामीणों का आना-जाना दूभर हो गया है। धरने की जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी रूद्रपुर मनीष बिष्ट मौके पर पहुंचे । उन्होंने विधायक तिलक राज बेहड़ से कहा कि चुनावी आचार संहिता लगने वाली है जिस वजह से अभी सड़क निर्माण में समस्या उत्पन्न हो सकती हैं।इस पर विधायक ने कहा कि सड़क स्टोन क्रेशर वालों की वजह से खराब हुई है तब तक वो लोग इस सड़क की मरम्मत करें। इस पर स्टोन क्रेशर वालों को मौके पर बुलाया गया। धरना देने वालों में मुख्य विनोद कोरंगा, गुड्डू तिवारी, बिशन सिंह कोरंगा, राजकुमार पांडे, नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी,नितिन शर्मा,अशोक मित्र, सुनील ठाकुर,ओमप्रकाश दुआ, उमेश प्रधान, धर्मेंद्र मिगलानी, रमेश, बबलू चौधरी, नितिन, रवि कुशवाहा, विपिन, दिलीप सिंह, सुभाष जोशी, सुनीता कश्यप, राजेश प्रताप सिंह, अशरफ, एन उल हक, लियाकत, जितेंद्र पांडे, राजकुमार पांडे थे ।

**शर्ट सर्किट से ...**पर पहुंच गये। दमकल विभाग के कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मचारियों ने मुश्किल आग पर काबू पाया गया। उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने बताया कि रात्रि में उन्हें महाराणा चौक के पास स्थित कमल बूट हाउस के ऊपरी मंजिल में आग लगने की सूचना मिली तो उनके द्वारा दमकल विभाग, बिजली विभाग एवं पुलिस को सूचना दी गई तथा वह स्वयं भी मौके पर पहुंच गए दमकल विभाग के कर्मचारी मदन सिंह रावत, दीपक बसेड़ा, संजू बोरा ,भागवत परिहार के अलावा कांस्टेबल जगमोहन, बृजमोहन, दीपक बोरा के अलावा वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल,उप निरीक्षक विजय कुमार भी मौके पर पहुंच गए तथा आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया जिससे नगर में एक भीषण अग्निकांड होने से बच गया । क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ दुकान स्वामी श्याम सुंदर मेंहदीरत्ता से नुकसान का जायजा। लिया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुमित बाबा, राजकुमार तनेजा, तेजपाल सिंह, उमेश अग्रवाल, सुमित तनेजा आदि मौजूद थे।

**आचार संहिता से पहले...** रेखा यादव को एसपी पिथौरागढ़ बनाया गया है। देहरादून के पुलिस अधीक्षक यातायात सर्वेश पवार चमोली के नये एसपी बनाये गये हैं।

# लोकसभा चुनाव से पहले दो रूपये सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

देहरादून। देश में बढ़ी महंगाई के बीच केंद्र सरकार ने राहत का मरहम लगाते हुए लोकसभा चुनाव से पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कमी कर दी है। नई दरें सुबह छह बजे से लागू हो गई। सरकार के इस एलान के बाद देहरादून पेट्रोल की कीमत 93.33 रुपये हो गई है। वहीं डीजल का दाम88. 21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं, विकासनगर में पेट्रोल के नए दाम 93.33 रुपये और डीजल के नए दाम 88.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। यहां पेट्रोल के दाम में 2.02 रुपये और डीजल के दाम में 2.00 रुपये कम हुए हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# परिणय सूत्र में बंधे भाजयुमो नेता विवेकदीप

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह गत दिवस एक भव्य समारोह में वैवाहिक बंधन में बंध गए।उनके वैवाहिक बंधन में बंधने पर यहां ग्रांड हेरिटेज में तमाम राजनीतिक सामाजिक संगठन द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई। विवेक दीप सिंह का विवाह



पूरनपुर पीलीभीत निवासी कीर्तिका सिंह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की भव्यता के चलते कुछ समय के लिए यातायात भी अवरुद्ध होने जैसी स्थिति बन गई थी। पूरा हेरिटेज गाड़ियों से भरा हुआ था। कार्यक्रम में विभिन्न राजौतिक, सामाजिक संगठनों से जुड़े गणमान्य लोगों की भरमार रही। इस अवसर पर विवेक सिंह को शुभकामना देने वालों में विवेक सक्सेना, विवेक राय, नारायण सिंह बिष्ट, विधायक तिलक राज बेहड़, प्रतिनिधि गौरव बेहड़, ग्राम प्रधान विनोद पंत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शक्तिफार्म में भारतीय सभ्यता व संस्कृति के अनुरूप विद्यालय खुला

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। क्षेत्र के निर्मल नगर ग्राम सभा रतनफार्म नम्बर 1 में भारतीय सभ्यता व संस्कृति के अनुरूप नई विचार धाराओं से ओत प्रोत एक इंग्लिश मीडियम श्री राम इन्टरनेशनल डे-बोर्डिंग स्कूल का शुभारम्भ हो चुका है। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सुमंत विश्वास ने बताया कि इस विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा सप्तम् तक प्रवेश दिया जा रहा है। विद्यालय में बंगला, हिन्दी संस्कृत और अंग्रेजी भाषाओं के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था



की गई है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थिओ में आदर्श, संस्कार व उचित शिक्षा प्रदान करना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों में नई सोच, नई सृजन शक्ति राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करना भी है जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कक्षा मे बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय समय के बाद दोपहर भोजन के पश्चात एक घंटे की कक्षा में पठन-पाठन किया जायेगा फिर द्वितीय कक्षा में विद्यार्थियों की रुचि अनुसार गायन वादन नृत्य नाट्य व पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा ,फिर तृतीय कक्षा में विभिन्न खेलों में दक्ष कुशल व निपुण करने के लिए खेल प्रशिक्षक द्वारा खेल सिखाये जायेंगे।

# ऑपरेशन मुक्ति अभियान में 85 बच्चों को किया चिन्हित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों का चिन्हीकरण, सत्यापन, शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है। अब तक 85 बच्चों का चिन्हीकरण किया जा चुका है। पुलिस मुख्यालय स्तर पर चलाये जा रहे ऑपरेशन मुक्ति अभियान भिक्षा नहीं शिक्षा दें को सफल बनाने के लिए प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी के दिशा निर्देशन में प्रकाश चंद्र एसपी सिटी नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में उ0नि.



मनोज कोठारी प्रभारी ऑपरेशन टीम द्वारा प्रथम चरण में लगातार कार्यवाही की जा रही है।ऑपरेशन टीम द्वारा अब तक इस अभियान में लगातार कार्यवाही करते हुए मोटा हल्दू, मंडी, शनि बाजार, जीतपुर, रामपुर रोड, जयपुर, बड़ी मंडी, राजपुरा, किदवई नगर, ढोलक बस्ती, जीतपुर नेगी आदि स्थानों में जाकर भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने एवं अन्य कार्यों में लिप्त कुल 85 बच्चों का सत्यापन चिन्हीकरण कर उनका विवरण एकत्र किया गया। जिससे भविष्य में अभियान के दूसरे चरण में उक्त बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ते हुए उनका स्कूल में एडमिशन कराया जायेगा।

# विद्युत विभाग के अधिकारियों को किया सम्मानि

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार नगर मंडल ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया। गौरतलब है कि रात्रि महाराणा चौक के



पास शार्ट सर्किट से आग लग गई थीं जिसकी सूचना तुरंत विद्युत विभाग के एसडीओ डी सी गुरानी द्वारा 15 सेकंड के अंदर विद्युत कट कर दी गई । विभाग द्वारा तेज गति कार्य करने को लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्साहित करते हुए उन्हें शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी ने कहा है कि सभी लोगों को विद्युत विभाग के इमरजेंसी नंबरों का ज्ञान होना चाहिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोके जाने में मदद मिल सके उन्होंने आम नागरिकों से निवेदन किया है कि कहीं पर भी किसी जगह पर भी यदि उन्हें विद्युत तारों में शॉर्ट होता नजर आए तो तुरंत ही विभाग को सूचित करें ताकि किसी भी अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके। कहा कि खेतों में किसानों की फसल तैयार हो रही है तथा मौसम भी शुष्क होता जा रहा है जिस वजह से मामूली सर्किट शॉर्ट सर्किट होने पर आग लगने का अंदेशा बना रहता है ऐसे में आम नागरिक के सजग रहने पर तथा विभाग को तुरंत सूचना मिलने पर किसी भी बड़ी घटना को या अग्निकांड को रोका जा सकता है। व्यापार मंडल द्वारा जहां एसडीओ डीसी गुरूरानी को शॉल ओढ़ाया गया वहीं जय ओम कुमार को भी सम्मानित किया गया। व्यापार मंडल ने कहा कि आगे भी वे सभी कर्मचारियों को सम्मानित करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से नितिन फुटेला ,विजय अरोरा, पुष्कर मेंहदीरत्ता, रवि नागपाल, जलालुद्दीन, नीरज बजाज सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# भारतीय किसान यूनियन ने दिया समर्थन

गदरपुर(उद संवाददाता)। खंड विकास अधिकारी कार्यालय के बाहर पिछले 25 दिन से कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आज भारतीय किसान



यूनियन अराजनैतिक ने भी अपना समर्थन दिया। इस मौके पर बोलते हुए ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी हर मजदूर का हक है और वह प्राइवेट सेक्टर में भी काम कर चुके हैं वहां पर 8 घंटे कार्य के 500प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी मिलती है। लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जो 5000 से लेकर 9000 तक काम कर रही हैं उनकी काम करने के घंटे भी तय नहीं है और यह लोग मजबूर होकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं राज्य सरकार को उनकी जायज मांग पर ध्यान देना चाहिए और इनका मानदेय बढ़ना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि राज्य सरकार से मांग करते हैं कि जिस तरह से धूप गर्मी बरसात में सभी त्यौहार तक यहां पर मना रही हैं।राज्य सरकार को उनकी ओर ध्यान देना चाहिए मोदी के परिवार का हिस्सा यह महिलाएं भी हैं और इनको इनका जायज मानदेय मिलना ही चाहिए। इस मौके पर आंदोलित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सेविका कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पहुंचे किसानों का आभार व्यक्त किया।

# कृष्णा कालोनी में भाजपा नेता चुघ ने सुनी समस्याएं, मंदिर का निर्माण होगा पूर्ण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ट्रांजिट कैंप कृष्णा कॉलोनी के दुर्गा मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मंदिर कमेटी के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से चुघ का स्वागत किया गया ।मंदिर कमेटी के लोगों ने उन्हें बताया कि मंदिर में निर्माण के कुछ कार्य अधूरे हैं जिन्हें पूरा कराया जाना है। जिस पर चुघ ने आश्वस्त किया कि वह हर संभव अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कराएंगे ।इसके अलावा क्षेत्रीय लोगों ने भी अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्य आगे भी अनवरत जा रहेंगे। इस दौरान संजीव गुप्ता, कृष्ण पाल गंगवार, वीरेंद्र पाल राठौर, ज्वाला प्रसाद राठौर, हीरालाल राठौर, वेद प्रकाश राठौड़, बॉबी गंगवार, वेद प्रकाश मौर्य, अजय पाल शर्मा, रामचरण लाल,





मंसाराम राठौर , अशरफी लाल मौर्या, रतनलाल कोहली, पप्पू लाल कोहली, नेत्रपाल राठौर, खेमकरण भगत, जितेंद्र पाल राठौर, कृपा शंकर राठौड़, सुरेश यादव, ओमकार मिस्त्री, भीमसेन शर्मा, अजय पाल शर्मा, शिवकुमार शिबू, राज कोली, दिनेश मौर्य , संजय गंगवार, धर्मेंद्र कुमार गंगवार, पवन लोग आदि मौजूद थे।

